प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां
(अक्तूबर, 2016)

*****

1. मंत्रिमंडल द्वारा "ह्यूमन "इम्युनोडेफिसियंसी वायरस और अक्वायर्ड इम्यून डेफिसियंसी सिंड्रोम (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक, 2014" में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।
2. "भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद (व्यावसायिक आचरण, शिष्टाचार एवं नीति) विनियम, 2002" में एक संशोधन लाया गया है कि चिकित्सकों को जेनरिक नामों की दवाइयां लिखनी चाहिए और दवाइयों की पर्चियां तर्कसंगत होनी चाहिए।
3. माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने 23-26 अक्तूबर, 2016 के दौरान क्यूबा का दौरा किया। भारत सरकार (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) ने क्यूबा को एक (1) मिलियन यूएसडी के सममूल्य की दवाइयां तथा सामग्रियां दान में देने का वचन दिया।
4. सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) ने 26-28 अक्तूबर, 2016 के दौरान मापुटो, मोजांबिक में मातृ, नवजात शिशु एवं बाल स्वास्थ्य भागीदारी (पीएमएनसीएच) बोर्ड की 19वीं बैठक में और 31 अक्तूबर से 2 नवंबर, 2016 के दौरान दारे सलाम, तंजानिया में परिवार नियोजन 2020 (एफपी 2020) संदर्भ समूह की बैठक में भाग लिया।
5. "जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना" की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत 12 राज्यों को 400 करोड़ रुपए का सहायता अनुदान जारी किया गया है।
6. "पीजी सीटों में वृद्धि हेतु राज्य सरकार के मेडिकल कॉलेजों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन की योजना के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों को केंद्रीय सहायता" की केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत 4 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के लिए 4 राज्यों को 10 करोड़ रुपए का सहायता अनुदान जारी किया गया है।
7. "पेंशनभोगी सीजीएचएस लाभार्थियों के चिकित्सा दावों के समाधान हेतु सीजीएचएस के तहत समय-सीमा के निर्धारण" के संबंध में एक आदेश जारी किया गया।
8. पेंशनभोगी सीजीएचएस लाभार्थियों आदि के संबंध में प्रतिपूर्ति दावों/अनुमति/कार्योत्तर मंजूरी के समाधान के लिए शक्तियों के प्रत्यायोजन के संबंध में आदेश जारी किया गया।
9. दिनांक 3 अक्तूबर, 2016 को माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, मिजोरम सरकार और संयुक्त सचिव, नाको ने आयुक्त एवं सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), मिजोरम सरकार की उपस्थिति में आइजोल केंद्रीय कारागर में एचआईवी क्रियाकलाप शुरू किया।
10. दिनांक 26 अक्तूबर, 2016 को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और प्राथमिक उद्योग मंत्रालय, न्यूजीलैंड के बीच खाद्य सुरक्षा सहयोग के संबंध में एक करार पर हस्ताक्षर किया गया।
11. अक्तूबर, 2016 में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगभग 3.52 लाख मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए, लगभग 23,572 स्कूली बच्चों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए और लगभग 5,544 दान किए गए नेत्रों का संग्रह किया गया।

******